तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026




12 नगीना ने अपने पिता के संघर्ष की कहानी ...



13 छापर भानपुरी में 36 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



# मैराथन में 8 हजार से अधिक धावकों के कदमों की थाप से गूंजेगा बस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की ऐतिहासिक धरा रविवार को एक नया कीर्तिमान रचने जा रही है। जहां 8000 से अधिक धावकों का विशाल जनसमूह बस्तर हेरिटेज मैराथन 2026 में अपनी रफ्तार का प्रदर्शन करेगा। यह महाकुंभ न केवल एक खेल प्रतियोगिता है, बल्कि यह क्षेत्र के बदलते स्वरूप, शांति और विश्वास की एक जीवंत झांकी भी है। इस भव्य आयोजन की सबसे प्रेरक तस्वीर उन 200 से अधिक पुनर्वासित माओवादी कैडरों के रूप में उभर रही है, जो कभी संघर्ष की राह पर थे, लेकिन अब मुख्यधारा का हिस्सा बनकर समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर दौड़ने को बेताब हैं। बस्तर संभाग के सातों जिलों सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, बस्तर, कांकेर और कोंडागांव से आए ये युवा शासन की पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन) जैसी कल्याणकारी नीति की सफलता का जीवंत उदाहरण पेश कर रहे हैं। इस मैराथन की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रमाण ▶▶| शेष पेज 12 पर

## आज सुबह 4 बजे लालबाग से होगी शुरूआत




### लिखी जाएगी शांतिपूर्ण और प्रगतिशील भविष्य की पटकथा

कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह और कलेक्टर बस्तर आकाश छिकारा ने विदेशी मेहमानों और स्थानीय धावकों का स्वागत करते हुए अपील की है कि वे आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 92440-79533 के माध्यम से इस ऐतिहासिक दौड़ का हिस्सा बनें। निश्चित रूप से जब कल ये हजारों धावक चित्रकोट की लहरों के साथ कदमताल करेंगे तो वे केवल फिनिश लाइन की ओर दौड़ नहीं लगा रहे होंगे, बल्कि बस्तर के एक नए, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील भविष्य की पटकथा लिख रहे होंगे।



### मैराथन के पहले मंत्री ने कलेक्टर को बिठाकर दौड़ाई बाइक

बस्तर हेरिटेज मैराथन के प्री-इवेंट के तहत शनिवार शाम को वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई। इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, वन मण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी, पुलिस विभाग के जवान व अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण रैली में शामिल हुए।

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।।

### नई चार्जशीट के बाद तीन फरार आरोपियों के साथ संख्या 23 हुई

# सीआरपीएफ कैंप हमला: एनआईए ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के धर्मावारम सीआरपीएफ कैंप में दो वर्ष पूर्व हुए हमले मामले में एनआईए ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल किया है। तीन नामजद आरोपी समेत छह के खिलाफ यह चार्जशीट दाखिल किया गया है इससे पूर्व 17 आरोपियों के खिलाफ एनआईए जांच कर रही थी इसे मिलाकर आरोपियों की संख्या 23 हो गई है। गौरतलब है कि 16 जनवरी 2024 को बीजापुर जिले के धर्मावरम कैंप में नक्सलियों ने सुनियोजित हमला किया था जिसमें दर्जन भर से अधिक सीआरपीएफ के जवान घायल हो गए थे।इस मामले को 9 फरवरी 2024 को एनआईए को जांच के लिए सुपुर्द किया गया था। 16 जनवरी 2024 को माओवादियों ने एक साथ बीजापुर के धर्मावरम, चिंतावागु और पामेड़ स्थित सीआरपीएफ कैंपों पर हमला किया था। इस हमले में लगभग 3 सौ माओवादी शामिल थे, जिन्होंने सुरक्षा बलों को निशाना बनाया। एनआईए द्वारा दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट में तीन गिरफ्तार माओवादियों अवलम भीमा, मदकम नंदा और मदकम देवा उर्फ रतन के साथ ही नक्सल संगठन के स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर समेत तीन फरार आरोपियों को भी नामजद किया गया है। इन सभी के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम, भारतीय दंड संहिता, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एनआईए ने इससे पूर्व मामले में 17 माओवादियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। ताजा सप्लिमेंट्री चार्जशीट के साथ जांच एजेंसी ने हमले से जुड़े अन्य अहम सबूत और आरोपों को भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया है। इस कार्रवाई को सुरक्षा बलों के खिलाफ माओवादी गतिविधियों पर शिकंजा कसने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

■ 16 जनवरी 2024 को बीजापुर जिले के धर्मावरम कैंप में हुआ था हमला


फाइल फोटो

### रेकी कर किया था सुनियोजित हमला

माओवादियों ने धर्मावरम, चिंतावागु और पामेड़ स्थित सीआरपीएफ कैंपों पर सुनियोजित हमला किया था। हमले से पूर्व माओवादियों ने कैंप की रेकी कर कैंप का एक मॉडल तैयार प्रशिक्षण लिया और फिर वारदात को अंजाम दिया था। नक्सलियों ने इस हमले में ऑटोमैटिक हथियार देशी बैरल ग्रेनेड लॉन्चर के साथ हमला किया था जिसमें दर्जन भर से अधिक जवान घायल हो गए थे और जवाबी कार्रवाई के बाद भाग गए थे। मामले में एनआईए की जांच अभी भी जारी है।

# राशि डबल करने का झांसा देकर आनलाइन ठगी, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

टास्क पूरा करने पर राशि डबल करने का झांसा देकर लगभग 8 लाख की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विगत कुछ दिनों में जिले में हुई साइबर ठगी के मामले में पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। प्रार्थी एवं उनके अन्य साथियों ने बचेली निवासी से 15 मार्च 2025 से 18 जून 2025 के मध्य लिंक के माध्यम से टास्क पूरा करने पर राशि डबल करने के नाम पर मोबाइल नंबर के धारकों द्वारा कुल 7 लाख 91 हजार 547 रुपए की धोखाधड़ी कर फ्रॉड करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर थाना बचेली में अपराध क्रमांक 29/2025 धारा 318(4), 111(1)(3) बीएनएस, 66 (डी) आई.टी.एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक गौरव राय द्वारा सायबर ठगी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए बचेली पुलिस को कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन के मार्गदर्शन एवं साइबर सेल नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के पर्यवेक्षण तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल कमलजीत पाटले के मार्गदर्शन में सायबर ठगी प्रकरण के आरोपियों को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी की राशि को बरामद करने प्रार्थी से पूछताछ कर बैंक संबंधी जानकारी लिया गया। बचेली, किरन्दुल, गीदम एवं दंतेवाड़ा थाना के सायबर ठगी अपराधियों को पकड़ने के लिए बचेली थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में संयुक्त टीम बनाकर रांची झारखण्ड व बिहार रवाना किया गया। फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन एनालिसिस एवं साइबर फोरेंसिक टूल्स का उपयोग कर 1 आरोपी अजय कुमार महतो निवासी बरियापुर ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ बिहार के मुजफ्फरपुर से आरोपी गिरफ्तार



# अधिवेशन में न्यायिक कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के तत्वावधान में शनिवार को शहर में प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश भर के न्यायिक कर्मचारियों ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए अपनी लंबित मांगों को लेकर हुंकार भरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रांतीय अध्यक्ष नागेश्वर मौर्य ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उनमें नया जोश भरा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि एजी-3 से लेकर क्लास-एक तक के पदों पर समयबद्ध पदोन्नति और लंबे समय से



लंबित वेतन विसंगति को दूर करना कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शासन को कर्मचारियों की इन जायज मांगों को अविलंब पूरा करना चाहिए। शासन के प्रति अपना रुख स्पष्ट करते हुए संघ ने कड़ा संदेश दिया है। अधिवेशन में यह निर्णय लिया गया कि प्रथम चरण में शासन के समक्ष निवेदन किया ▶▶| शेष पेज 12 पर

# झीरम घाटी शहीद स्मारक का कांग्रेसियों ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

झीरमघाट स्थित शहीद स्मॉरक में शहीद महेन्द्र कर्मा व नंदकुमार पटेल की प्रतिमा खंडित मिलने से नाराज कांग्रेसियों ने शनिवार को दरभा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारियो ने झीरम घाटी में बने शहीद स्मारक का निरीक्षण किया। निरीक्षण में शहीद स्व. महेंद्र कर्मा व शहीद स्व. नंदकुमार पटेल की प्रतिमा को खंडित अवस्था में मिला। इस पर कांग्रेसियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा इस प्रकार का अपमान कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। निरीक्षण उपरांत शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन समेत दर्जनों कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने दरभा थाना पहुंचकर ऐसे कृत्य करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कि मांग को आवेदन दिया और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

कांग्रेसियों ने कहा कि शहीदों की प्रतिमा के साथ की गई तोड़फोड़ बेहद पीड़ादायक और निंदनीय है। जिन वीरों ने अपने प्राण न्यौछावर किए उनके चित्रों को तोड़कर जमीन पर फेंक दिया गया यह कृत्य किसी भी हाल में बर्दाश्त योग्य नहीं। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण घटना नहीं बल्कि शहीदों की गरिमा और उनकी स्मृति के साथ सीधा अपमान है। दरभा टीआई चाणक्य नाग ने बताया कि आवेदन मिला है इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए मामले की जांच की जाएगी इसके उपरांत दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

■ टूटे मिले शहीद महेन्द्र कर्मा व नंदकुमार पटेल की प्रतिमा

# चलित प्रयोगशाला ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र की दो सड़कों की गुणवत्ता जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग की चलित प्रयोगशाला ने बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की जांच की। निर्माण कार्य की जांच का उद्देश्य सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार को रोकना और बन रही सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। पीडब्ल्यूडी जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता के निर्देश पर बीजापुर संभाग के बीजापुर से जगरगुंडा के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच विभाग की चलित प्रयोगशाला से दो दिन तक किया गया। बीजापुर जिले के बीजापुर-आवापल्ली-जगरगुंडा मार्ग की जांच में मिटटी, मुरूम, गिट्टी, रेती, सीमेंट कांक्रिट क्यूब, बिटमेन कंटेंट सामाग्री की सैम्पल ली गई। हालांकि जब मार्ग की गुणवत्ता की जा रही थी तो ठेकेदार परेशान रहे।



**मनमानी पर होगी कार्रवाई :** लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता में मनमानी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ईदगाह में की गई विशेष नमाज अता

# अमन और शांति की दुआ के साथ मनी ईद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर एवं आसपास के क्षेत्र में ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के ईदगाह में सुबह 9:30 बजे ईद की विशेष नमाज अता की गई। देश, प्रदेश एवं बस्तर में अमन, शांति और प्रगति की दुआ की गई। जहां बच्चे बड़ी संख्या में पहुंचकर ईद की खुशी में मशगुल थे। नमाज के बाद लोगों ने गरीबों को नकद एवं अन्य सामान दिए। सभी ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

ईद का त्योहार रमजान के महीने में 30 दिन रोजा रखने के बाद आता है। इस दिन का मुस्लिम धर्म के लोग बड़ी बेसब्री से इंतजार करते हैं। क्योंकि यह त्योहार रमजान के पूरे महीने रोजे रखने, अल्लाह की इबादत करने के बाद नसीब होता है। इस दिन सभी लोग नए कपड़े पहनते हैं। ईदगाह के बाद कब्रिस्तान पहुंचकर दिवंगत लोगों के कब्र में पुष्प चढ़ाकर प्रार्थना की गई। वहीं बड़ी संख्या में पहुंचे अन्य समाज और धर्म के लोगों ने भी गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर सुरक्षा की माकूल व्यवस्था पुलिस प्रशासन द्वारा की गई थी। बड़ी संख्या में अधिकारी और जवान शहर के प्रमुख स्थलों में तैनात थे।



### कांग्रेसियों ने दी मुबारकबाद

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जामा मस्जिद पंहुचकर ईद की मुबारक मुस्लिम समाज के सदस्यों को दी। इस अवसर पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रोजविन दास, महामंत्री अभिषेक नायडू, अमरनाथ सिंह समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।




## खबर संक्षेप



### संगठनात्मक प्रशिक्षण भाजपा की सतत प्रकिया, पार्टी को आगे ले जाने में सहायक

**फरसगांव।** भाजपा जिला कोंडागांव के मंडल फरसगांव में पार्टी के संगठनात्मक स्वरूप में दृढ़ता लाने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुक्रवार को आयोजन हुआ। प्रशिक्षण का आरंभ जिला कोंडागांव के भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम के द्वारा पार्टी के ध्वजारोहण एवं विजय पोया की अगुवाई में राष्ट्र गीत एवं राज गीतगा कर किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को जानकारी जानकारी दी गई प्रथम सत्र में वैचारिक अधिष्ठान विषय पर, द्वितीय सत्र में कार्य पद्धति विषय पर, तृतीय सत्र में हमारा इतिहास विषय पर, चतुर्थ सत्र में कार्य विस्तार विषय पर, पंचम सत्र में बूथ प्रबंधन विषय पर, षष्ठम सत्र में अपनी सरकारों की गरीब कल्याण योजनाओं पर और प्रशिक्षण के अंतिम सप्तम सत्र में सोशल मीडिया विषय पर वक्ताओं में अध्यक्षता की। इस प्रशिक्षण में पूरे मंडल से बड़ी सँख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया । प्रशिक्षण के पश्चात कार्यकर्ताओं में बड़ा ही उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने कहा कि संगठनात्मक प्रशिक्षण भाजपा की सतत प्रकिया है जिसका हम सब को पार्टी को आगे लेकर जाने में बड़ा योगदान होता है।

### राम जन्मोत्सव में शामिल होंगे विधायक और सुकमा जमींदार



**जगदलपुर।** बस्तर धाकड़ समाज द्वारा 27 मार्च को बिरिंगपाल पंडरीपानी में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम की जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुकमा जमींदार कुमार जयदेव और मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विनायक गोयल शामिल होंगे। धाकड़ समाज ने कुमार जयदेव के निवास पहुंचकर निमंत्रण पत्र सौंपा और कार्यक्रम में शामिल होने निवेदन किया। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की जाएगी, 8.30 बजे कलश यात्रा व जलाभिषेक के बाद दोपहर 1 बजे अतिथियों के आगमन के बाद सम्मान समारोह आयोजित होगा।

# 546 स्कूलों के बच्चों को 1999 फुटबॉल वितरित, खेल के माध्यम से जीवन कौशल पर जोर

## जेएनवी कोंडागांव में फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नवोदय विद्यालय विकास नगर प्राचार्य बी.डी. चेलक के मार्गदर्शन में फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत जिले के 546 विद्यालयों को बच्चों की संख्या के अनुसार 1999 फुटबॉल वितरित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली शिक्षा में फुटबॉल को शामिल कर बच्चों में टीम वर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल विकसित करना है। यह पहल फीफा और यूनेस्को के सहयोग से संचालित एक वैश्विक कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम 4 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें खेल–खेल के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इससे बच्चों में स्वास्थ्य के साथ–साथ सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है।




### अतिथियों ने खेलों के महत्व पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरपति पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में जीवन में खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथियों में कुलवंत सिंह चहल शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष, बीआरसी मालती ध्रुव, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक बी. जॉन, जी. रामेश्वर राव, व्याख्याता गोविंद नायडू एवं शिवचरण साहू शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान शारीरिक शिक्षा शिक्षक समीर देवांगन ने फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों और लाभों पर प्रकाश डाला।

### आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ शिक्षक आदीप मिश्र ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। यह पहल जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। बच्चों के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

---

## शहर की युवती बनीं राज्य की सर्वश्रेष्ठ हस्तशिल्पी-2026

# नगीना ने अपने पिता के संघर्ष की कहानी उकेरी लौह शिल्प पर, मिला राज्यस्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड की प्रतिभाशाली लौह हस्तशिल्पी नगीना विश्वकर्मा ने अपने अद्भुत कौशल और अथक परिश्रम के दम पर छत्तीसगढ़ राज्य सर्वश्रेष्ठ हस्तशिल्पी पुरस्कार 2026 हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

■ लौह कला में उत्कृष्टता के लिए मिला सम्मान, पिता को समर्पित की सफलता

नगीना प्रसिद्ध हस्तशिल्पी स्वर्गीय तातीराम विश्वकर्मा की पुत्री हैं। बचपन से ही पारंपरिक लौह हस्तशिल्प के माहौल में पली–बढ़ी नगीना को अपने पिता का मार्गदर्शन मिला, जिसने उन्हें इस कला में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। शुरुआत में हस्तशिल्प की दुनिया उनके लिए नई थी, लेकिन पिता के सहयोग और निरंतर अभ्यास से उन्होंने इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना ली। नगीना ने विभिन्न नगरों और महानगरों में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनियों में भाग लेकर अपने हुनर को निखारा। उनकी कला में निरंतर सुधार हुआ और वे एक सिद्धहस्त लौह हस्तशिल्पी के रूप में स्थापित होती चली गईं। उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता के जीवन और संघर्ष को अपनी कलाकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए इस उपलब्धि को उन्हें समर्पित किया।






### राज्य स्तर की प्रतिस्पर्धा में मिली सफलता

राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जिसमें बेलमेटल, लौह, मृदा, काष्ठ, पाषाण, भित्तिचित्र, पैरा और पेपरमैशे जैसी विभिन्न विधाओं के कलाकार भाग लेते हैं। इस वर्ष केवल 5 श्रेष्ठ हस्तशिल्पियों का चयन किया गया। जिनमें नगीना विश्वकर्मा का नाम शामिल होना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। विजेताओं को 25,000 रुपये की राशि, ताम्रपत्र और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

### जिले को मिला दोहरा गौरव

इस वर्ष कोंडागांव जिले से दो हस्तशिल्पियों का चयन हुआ है, जिसमें एक नगीना विश्वकर्मा और दूसरी फरसगांव विकासखंड की महिला गडबा हस्तशिल्पी शामिल हैं। चयन समिति में कोंडागांव के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गडबा हस्तशिल्पी पंचूराम सागर भी शामिल रहे, जो वर्षों से इस क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नगीना विश्वकर्मा की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि कोंडागांव और बस्तर की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा के लिए गर्व का विषय है।

---

# बाल मैत्री कार्यक्रम से बच्चों को मिल रहा नया अनुभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में छोटे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी से प्राथमिक स्कूल तक का सफर आसान बनाने के उद्देश्य से बाल मैत्री कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत बच्चों को स्कूलों का भ्रमण कराया जा रहा है, जिससे वे नए वातावरण से सहज रूप से परिचित हो सकें।

■ आंगनबाड़ी से स्कूल तक आसान सफर

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी के बच्चों को खेल आधारित माहौल से स्कूल के अनुशासित वातावरण में बिना किसी डर या झिझक के ढालना है। इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक माह मासिक यात्र के रूप में बच्चों को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया जाता है। इस दौरान वे कक्षा, शिक्षक और अन्य विद्यार्थियों से परिचित होते हैं।

### खेल-खेल में सीखने का माहौल

बच्चों को सामूहिक खेल, गतिविधियों और इंटरैक्शन के माध्यम से सीखने का अवसर दिया जा रहा है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ रहा है और स्कूल के प्रति रुचि भी विकसित हो रही है।

### नामांकन और उपस्थिति में होगी वृद्धि

इस पहल से उम्मीद है कि बच्चों का स्कूल में नामांकन बढ़ेगा और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी। साथ ही प्रारंभिक शिक्षा को अधिक प्रभावी और आनंददायक बनाने में भी मदद मिलेगी।

---

# तेंदुआ खाल की तस्करी, 9 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

वन मण्डल केशकाल की टीम ने तेंदुआ खाल की तस्करी का खुलासा किया है। वन विभाग की टीम 4 जिले दंतेवाड़ा, बस्तर, कोण्डागांव और नारायणपुर के कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई डीएफओ केशकाल दिव्या गौतम के मार्गदर्शन में, एसडीओ फरसगांव एन.के. सिन्हा एवं रेंजर फरसगांव आर.एस. यादव के नेतृत्व में की गई। वन विभाग ने बताया कि 19 मार्च की शाम मुखबिर की सूचना मिली कि कुछ लोग तेन्दुआ खाल बेचने ले जा रहे हैं। फरसगांव बडेडोंगर मार्ग पर टीम ने खाल खरीदने के लिए 1 कर्मचारी को अपराधी से क्रय करने का सौदा करने भेजा गया। बड़ेडोंगर मार्ग ग्राम बैलगांव के समीप मोटर सायकल क्र. सीजी 04 डीके 0533 मोटर सायकल में 2 व्यक्ति द्वारा बोरी में बंधा हुआ तेन्दुआ खाल लेकर आये फिर पीछे से ईको वाहन क्र. सीजी 17 केजेड 2755 में पांच व्यक्ति साथ में आये जो उनका सहयोगी रहा, जिसे वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा मौके पर रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़ कर अपराधियों का नाम एवं गांव, जब्त तेन्दुआ खाल का विवरण प्रयुक्त, वाहन ईको वाहन एवं मोटर सायकल को गवाहों के समक्ष जप्ती की कार्रवाई की गई। खाल की लंबाई 195 से मी. एवं चौडाई 45 से.मी. पाया गया है। जब्त खाल को अपराधियों के द्वारा विगत 07 माह पूर्व भरमार बन्दूक से शिकारी द्वारा शिकार कर सुखाना पाया गया है। एक भरमार बदूंक सहित 7 आरोपियों को पकड़ा गया।



### आरोपी तस्कर

(1) संहगो नेताम पिता सुखधर नेताम, ग्राम- बनचपई, (2) शंकर लाल नेलाम पिता सराद्दू नेताम ग्राम- बनचपई ,(3) हूंगा कर्मा पिता बोमडा कर्मा,ग्राम- पोंदुम (दंतेवाड़ा), (4) प्रदीप कुमार वेको पिता लच्छूराम वेको, ग्राम- गमुण्डीपानेडा (बांसतानार),(5) बामन राम मण्डावी पिता बुधराम मण्डावी, ग्राम- पोंदूम(दतेवाड़ा), (6) सोनू कोर्राम पिता सुखराम कोर्राम ग्राम चौडंग (कोण्डागाव), (7) संतोष कुमार कोवासी पिता माहारू राम कोवासी, ग्राम बागमुंडी पनेड़ा(बस्तर) (8) सुकलू राम उसेण्डी पिता सवदेर उसेण्डी, ग्राम-बोरावण्ड,(नारायणपुर), (9)सुंदरन पिता पकरू ग्राम बोरावण्ड(नारायणपुर) शामिल हैं ।



**इनकी रही अहम भूमिका -** कार्रवाई में वन विभाग के डिप्टी रेंजर शिवनाथ सेठिया, मोहन लाल नाग, वनपाल गजेन्द्र नाईक, द्वारिका प्रसाद नाईक, डोमार सिंह नेताम, गुदराम मरकाम, वनरक्षक खगेश्वर दीवान, तेनसिंह भोयर , नागेश्वर गढ़पाले , किशोर कुमार भूआर्य, सूरज नेताम, भुनेश्वर पाण्डे, आदित्य वर्मा की अहम भूमिका रही ।

---

# मरांग गोमके के योगदान को याद कर युवाओं को दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा महान आदिवासी नेता जयपाल सिंह मुंडा की 56वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने उनके जीवन, संघर्ष और योगदान को याद करते हुए समाज के युवाओं को उनके आदर्शोंर् पर चलने का संदेश दिया।

■ जयपाल सिंह मुंडा की 56वीं पुण्यतिथि पर बाबा साहेब सेवा संस्था ने दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा, जिन्हें 'मरांग गोमके महान नेता के नाम से जाना जाता है ने संविधान सभा में आदिवासी समाज की आवाज को मजबूती से उठाया। उन्होंने आदिवासियों के अधिकार पहचान और सम्मान के लिए निरंतर संघर्ष किया। बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि ऐसे आयोजन युवाओं को महापुरुषों के विचारों से जोड़ते हैं और समाज में जागरूकता बढ़ाते हैं। जयपाल सिंह मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के साथ शिक्षा और खेल को भी उन्नति का माध्यम बताया था।




### खेल जगत में भी रचा इतिहास

जयपाल सिंह मुंडा के नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने 1928 एम्स्टर्डम ओलंपिक में देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। यह उपलब्धि भारतीय खेल इतिहास में मील का पत्थर मानी जाती है। उन्होंने आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए आदिवासी महासभा का गठन किया जिसने आगे चलकर पृथक झारखंड राज्य के निर्माण की नींव रखी। उनका जीवन सामाजिक न्याय और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है।

### ये लोग रहे उपस्थित

इस अवसर पर संस्था के ओमप्रकाश नाग, रमेश पोयाम, मुकेश मार्कंडेय, पुष्कर सिंह मंडावी, अनुज नाहरिया सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने समाज में एकता, जागरूकता और प्रेरणा का संदेश देते हुए जयपाल सिंह मुंडा के आदशोंर् को पुनः जीवंत किया।

---

संगठन ने जताया विश्वास, जनसेवा और राष्ट्रहित में कार्य जारी रखने

# सूरज बने भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संगठनात्मक विस्तार के तहत महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। 19 मार्च को जारी आदेश के अनुसार, भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से सूरज कुमार यादव को भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

सूरज कुमार यादव वर्तमान में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष के रूप में सक्रिय हैं। इसके साथ ही वे मतदाता जागरूकता अभियान के जिला आइकॉन नगर पालिका परिषद कोंडागांव के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का भी सफल निर्वहन कर रहे हैं। श्री यादव नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए सूरज यादव ने कहा कि यह मेरे लिए केवल पद नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना और जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है। मैं संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा। सूरज यादव के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न ब्लॉकों में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ा देशभक्ति की भावना मजबूत हुई। कई युवाओं को सैन्य सेवाओं में सफलता का मार्ग मिला। यह नियुक्ति संगठन को नई दिशा देने के साथ–साथ पूर्व सैनिकों के हितों को और सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

---

## पेज 11 के शेष

### मैराथन में 8 हजार....

इस बात से मिलता है कि कुल 8000 से अधिक पंजीकरणों में विदेशी धावक भी शामिल हैं, जिनमें लंबी दूरी की दौड़ के लिए विश्व विख्यात इथोपिया और केन्या के मंझे हुए एथलीट बस्तर की सड़कों पर अपनी धाक जमाएंगे। इस महाकुंभ का मुख्य आकर्षण 42 किलोमीटर की फुल मैराथन होगी, जो जगदलपुर के ऐतिहासिक लालबाग मैदान से शुरू होकर 'भारत के नियाग्रा' कहे जाने वाले विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात के तट पर संपन्न होगी। धावक जब बस्तर के पारंपरिक गांवों और नैसर्गिक सौंदर्य के बीच से गुजरेंगे, तो उन्हें यहां की समृद्ध विरासत और अदम्य साहस का अनूठा अनुभव होगा। इस आयोजन को समावेशी बनाने के लिए इसे फुल मैराथन, हाफ मैराथन (21 किमी), 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की श्रेणियों में विभाजित किया गया है, ताकि पेशेवर एथलीट्स के साथ-साथ स्थानीय युवा और फिटनेस प्रेमी भी इसका हिस्सा बन सकें। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 25 लाख रुपये की विशाल इनामी राशि की घोषणा की गई है। प्रतियोगिता की गरिमा को बढ़ाते हुए इसमें ओपन कैटेगरी के साथ-साथ विशेष रूप से 'बस्तर कैटेगरी' को भी शामिल किया गया है, ताकि स्थानीय धावकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल सके। स्थानीय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बस्तर जिले के सभी धावकों हेतु पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है।

### राशि डबल करने....

जिला मुजफ्फरपुर बिहार को गिरफ्तार किया गया।

चेकबुक, मोबाइल, 3 पैन कार्ड सहित अन्य सामान जब्त : बताया गया कि आरोपी के पास से मोबाइल 1 , चेक बुक , 3 पैन कार्ड, 1 आधार कार्ड, फ्राड से प्राप्त नकद राशि 11000 बरामद किया गया है। दंतेवाडा सायबर सेल 100 से ज्यादा अकाउंट के ट्रांजेक्शन का एनालिसिस कर साइबर फॉरेंसिक टूल्स का उपयोग कर आरोपी तक पहुंची। और उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को 20 मार्च को मजिस्ट्रेट बचेली के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

इनकी रही अहम भूमिका : इस कार्रवाई में निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक सोहन ठाकुर, प्रहलाद निर्मल, आरक्षक मिथलेश पुजारी, गजेन्द्र ध्रुव, राजेश यादव एवं प्रमोद यादव महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अधिवेशन में न्यायिक ....

जाएगा, मांगें पूरी न होने पर औपचारिक आवेदन दिया जाएगा। यदि फिर भी सकारात्मक परिणाम नहीं मिले, तो न्यायिक कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी द्वारा की गई, राकेश सोनी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए। अति विशिष्ट अतिथि महासचिव धीरज पलेरिया, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय संरक्षक पीके देवांगन, प्रांतीय प्रवक्ता दिनेश टेंगवार, युधेश्वर ठाकुर, रितेश सोनी रहे।

---

## मस्जिद व ईदगाह में नमाज अता कर अमन-शांति की मांगी दुआ

# ईद-उल-फितर पर जुलूस निकालकर मनाई गईं खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा 21 मार्च शनिवार को ईद-उल-फितर के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाया गया। इस दौरान नगर में जुलूस निकालकर लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। जुलूस नगर की मस्जिद से निकला, जो मुख्य मार्गों से होते हुए सीटीओ कॉलोनी स्थित ईदगाह पहुंचा। यहां सामूहिक नमाज अदा कर देश में अमन, चैन और भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। फरसगांव के इमाम मो. इमरान और अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर मो. फिरोज मेमन सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि पाक माह रमजान के समापन पर ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े प्रेम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व एक महीने के रोजे के बाद आता है, जो अनुशासन, त्याग और इबादत का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि ईद-उल-फितर का मूल संदेश ईमानदारी, धर्मनिष्ठा और सामाजिक एकता है। यह त्योहार लोगों को आपसी प्रेम, सम्मान और भाईचारे के साथ जोड़ता है तथा समाज में सौहार्द और एकता की भावना को मजबूत करता है।



**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस रही मुस्तैद :** ईद-उल-फितर के अवसर पर नगर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। त्योहार के मद्देनजर नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, मस्जिदों एवं ईदगाह के आसपास पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी। जुलूस मार्गों पर भी पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी गई, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना न हो। पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के साथ ही लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। वहीं, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### कोंडागांव में धूमधाम से मनाई गई मीठी ईद

*कोण्डागांव। जिले में शनिवार को मीठी ईद का पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह में एकत्र होकर ईद की नमाज अदा की और अमन–चौन की दुआ मांगी। सुबह से ही ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचने लगे। नमाज के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और अनुशासन का माहौल देखने को मिला। नमाज के समापन के बाद सभी लोगों ने एक–दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहा और आपसी भाईचारे एवं प्रेम का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए कोंडागांव पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस ने शांति के लिए बेहतर व्यवस्था बनाई। मीठी ईद का यह पर्व जिले में आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आया, जहां सभी समुदायों ने मिलकर खुशियां साझा कीं। ईद का यह संदेश प्यार, शांति और भाईचारा पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक बना। ईद के अवसर पर नगर के कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की नमाज के समापन के बाद गले मिल कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मंडल अध्यक्ष कुलवंत चहल, तरुण गोलछा, नरेंद्र देवांगन, रितेश पटेल, कमलेश सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।*

### अदा की गई ईद की नमाज मांगी अमन- चैन की



**केशकाल।** ईद-उल-फितर पर मेन रोड स्थित ईदगाह ग्राउंड में अमन-शांति की दुआ की गई। जिसमें पूर्व विधायक संतराम नेताम विशेष तौर पर पहुंचे और मुस्लिम समुदाय को ईद की मुबारकबाद दी। नेताम ने मुस्लिम भाइयों के साथ गला मिलकर देश-प्रदेश में अमन, शांति और समृद्धि की दुआ की। ईदगाह में नमाज के बाद उन्होंने सभी को भाईचारे का संदेश दिया। मुस्लिम समुदाय से मुलाकात कर त्योहार की शुभकामनाएं दीं। विधायक नेताम ने कहा कि केशकाल की सबसे बड़ी खूबसूरती इसकी सांझी संस्कृति और आपसी भाईचारा है, जहां सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्योहार मिल-जुलकर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि ईद-उल-फितर का त्योहार प्रेम, एकता और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को त्यौहार मिल मनाने चाहिए जिससे खुशियां भी दोगुनी हो जाती हैं। सदर अंजुमन केशकाल मुहम्मद सलीम मेमन ने मुस्लिम समाज के लिए, दीनी व दुनियवी तालीम को हासिल करने पर जोर दिया। दीनी तालीम की अहमियत को समझाया। उन्होंने अमन चैन के लिए दुआ मांगी।

## खबर संक्षेप

### साप्ताहिक बाजार में स्वास्थ्य शिविर



**बस्तर।** संचालक आयुष छत्तीसगढ़ एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहनीश साहू के मार्गदर्शन में देवड़ा साप्ताहिक बाजार में निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी, शुगर और मलेरिया की निःशुल्क जांच कर औषधियां और स्वास्थ्य वर्धक काढ़ा वितरण किया गया। शिविर में डॉ. विनोद सिंह, डॉ. हेमंत यादव, फार्मासिस्ट घनश्याम सिंदार, अनुराधा सोनी, फगनूराम बघेल और मालती कश्यप ने अपनी सेवाएं दी।

### जैविक कीट नियंत्रण पर कृषक प्रशिक्षण



**गीदम।** अखिल भारतीय जैविक नियंत्रण अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत आदिवासी उप परियोजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा में जैविक कीट नियंत्रण पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वाई के मेश्राम सहायक प्राध्यापक कीट विज्ञान विभाग द्वारा किसानों को परियोजना के उद्देश्यों के अनुरूप जैविक कीट नियंत्रण तकनीकों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने किसानों को फसलों में लगने वाले प्रमुख कीटों की पहचान, उनके प्राकृतिक शत्रुओं, ट्राइकोग्रामा, बीटी, एनपीवी एवं अन्य जैविक उपायों के प्रयोग की विधियों की जानकारी दी। डॉ. मेश्राम ने बताया कि जैविक कीट नियंत्रण पर्यावरण के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ किसानों की लागत कम करता है तथा फसल की गुणवत्ता में सुधार लाता है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से जैविक नियंत्रण के लाभ समझाए गए।

### कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए दिया प्रशिक्षण



**बीजापुर।** कुपोषण की समस्या के प्रभावी समाधान के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जिले में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें सुपोषण दूतों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा 15 दिसंबर से बस्तर एवं सरगुजा संभाग के आठ जिलों में इस विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। बस्तर संभाग के बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर एवं दंतेवाड़ा जिलों में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है, ताकि कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

# खराब मौसम से महुआ और आम को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोशलनार

इंद्रावती नदी के पार भैरमगढ़ ब्लॉक के कोशलनार इलाके में बीते दो दिन से बारिश के कारण महुआ संग्राहकों और आम उत्पादक किसानों को नुकसान की खबर है। अधिकांश पेड़ों में आम के फल गिर गए। वही खलिहान में रखे महुआ काले नजर आ रहे हैं। नदी पार बसे कोशलनार, मंगनार व कोदाभाटा में चैत्र नवरात्रि से पहले से बारिश हो रही है। एकाएक मौसम का मिज़ाज खराब होने से आम, महुआ, इमली आदि उद्यानिकी फसल को नुकसान हुआ है। आम के वृक्ष में बहुत कम फल नजर आ रहे हैं। वही बारिश के बाद महुआ कम गिर रहा है। इसलिए औसत संग्रहण की दर में कमी आई है। महुआ के सीजन में तेज गर्मी जरूरी है। अन्यथा महुआ के फूल





कम गिरते हैं। यही नहीं संग्रहित महुआ को सुखाने के लिए भी धूप आवश्यक है। बारिश या बदली के मौसम में महुआ सूख नहीं पाता और काले पड़ने पर इसकी गुणवत्ता प्रभावित होता है। उद्यानिकी फसल के साथ रबी फसलों पर भी बारिश का दुष्प्रभाव नजर आ रहा है। खासकर गेहूं की बालियों पर पानी गिरने से दाने खराब हो जाते हैं। मटर के पौधे ज्यादा पानी सहन नहीं कर पाते और जमीन में गिरने से सड़ने का डर रहता है। थलेश ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों के लिए मार्च - अप्रैल का महीना स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस सीजन में माड़ इलाके कोशलनार- मंगनार के लोग महुआ संग्रहण कर अपनी जरूरत को पूरा करते हैं। खराब मौसम से संग्रहण पर असर पड़ा है। आम के फल इस समय प्री स्टेज में था जो हवा-पानी से झड़ कर नष्ट हो गया।

### बारिश खरीफ के लिए फायदेमंद

हाल ही में हुई बारिश से खरीफ फसलों की खेती करने वाले के लिए फायदेमंद है। नमी का फायदा उठा कर कहीं कहीं पर किसान खेत और घर की बाड़ी की जुताई कर रहे हैं। वही कुछ लोग टूटे मेड़ की मरम्मत में जुटे हैं। ताकि आने वाले खरीफ फसलों की खेती में किसी तरह का परेशानी ना हो।

## कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा : विधायक

# छापर भानपुरी में 36 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

तोकापाल ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छापर भानपुरी में आज विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल द्वारा लगभग 36 लाख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी सड़क निर्माण कार्य तथा जलनी माता

- राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध




गुड़ी निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों की शुरुआत की गई। इन योजनाओं के माध्यम से ग्राम पंचायत के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनायक गोयल ने कहा कि राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक सुसज्जित स्थान मिलेगा, वहीं सीसी सड़क के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को वर्षभर बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। जलनी माता गुड़ी के निर्माण से क्षेत्र की धार्मिक आस्था को भी सुदृढ़ता मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि आमजन को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और निर्माण कार्यों की निगरानी में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य डिकेश नाग, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप , जिला मंत्री रैतुराम बघेल, सरपंच दशमी कश्यप, धनई मौर्य, जिवनाथ मौर्य, मुन्ना कश्यप एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता, ड्राइवर संघ के साथी, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह क्षेत्र में विकास की गति बनी रहेगी।

# जनगणना की तैयारियां तेज, कलेक्टर ने कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनगणना से संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। ज्ञात हो कि जिला स्तर पर आगामी जनगणना 2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जनगणना निदेशालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का चरणबद्ध कार्यक्रम तय किया गया है, जिसके तहत प्रशिक्षण, ब्लॉक निर्धारण, मैपिंग एवं गणना कार्य सुनिश्चित किए गए है। इसके तहत आज बैठक में कलेक्टर द्वारा जनगणना से संबंधित सभी चरणबद्ध कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अनुविभागीय जनगणना अधिकारी तय समय-सीमा के अंतर्गत 25 मार्च की अवधि तक जनगणना कार्य पूर्ण कर लेवें। तत्पश्चात निदेशालय द्वारा



दिए गए अन्य तिथियों के कार्यों को पूरा करने की कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण,इसके साथ ही मकान सूचीकरण ब्लॉक की संख्या को फ्रीज करने की प्रक्रिया ,चार्ज अधिकारियों को जियो-संदर्भित ग्राम, वार्ड एवं चार्ज मानचित्रों, वेब मैपिंग एप्लीकेशन में मकान सूचीकरण, ब्लॉकों की सीमाओं का परिसीमन, ब्लॉक प्रकार का आबंटन एवं प्रविष्टिकरण कार्य,इसी क्रम में पर्यवेक्षी सर्किल का गठन कर सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को का आवंटन, मध्य मकान सूचीकरण ब्लॉकों का गठन एवं उन्हें वेब मैपिंग एप्लीकेशन पर चिन्हित करने का कार्य जानकारी दी गई। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जनगणना निदेशालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करना अनिवार्य है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी और जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भू-जल संरक्षण का वनों के विकास पर प्रभाव पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर शनिवार को वृत्त स्तरीय कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. अनुराग विश्वकर्मा वर्ल्ड वाइल्ड फण्ड फॉर नेचर इंडिया एवं डॉ. शरद नेमा प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष वानिकी और वन्यजीव अध्ययन विभाग बस्तर विश्व विद्यालय एवं आलोक कुमार तिवारी मुख्य वन संरक्षक शामिल रहे। डॉ. अनुराग द्वारा वेटलैण्ड के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. शरद नेमा द्वारा पूरे विश्व से लेकर बस्तर में वानिकी



के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य वन संरक्षक द्वारा भू-जल संरक्षण कार्य का वनों के विकास पर प्रभाव के विषय में विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम में उत्तम कुमार गुप्ता वन मण्डलाधिकारी बस्तर, आरके जांगड़े वन मण्डलाधिकारी बीजापुर, रंगनाधा रामकृष्णा वन मण्डलाधिकारी दंतेवाड़ा, अक्षय दिनकर भोसले वन मण्डलाधिकारी सुकमा, सुमेध सुरवाड़े प्रशिक्षु आईएफएस, परख शारडा प्रशिक्षु आईएफएस और समस्त उप वन मण्डलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरन्दुल

डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में आज विद्यालय सभागार में नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी से लेकर कक्षा पहली और दूसरी तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर सभी नन्हे मुन्ने बच्चे अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय में उपस्थित रहे। उनके चेहरे पर अपने परिणामों को लेकर उत्सुकता और खुशी झलक रही थी। समस्त शिक्षक गण एवं स्टाफ भी इस अवसर पर मौजूद रहे। नर्सरी में प्रथम स्थान लक्ष्य नाग 99.50 प्रतिशत और जागृति नियाल 100 प्रतिशत अंक प्राप्त की। एलकेजी में प्रथम स्थान पर गणेश कुमार ठाकुर 99 .83 प्रतिशत एवं लीना चौहान प्रतिशत प्राप्त की। यूकेजी में प्रथम स्थान दीपक मंडावी 100 प्रतिशत एवं बुल्टी सिकदर 99.50 प्रतिशत प्राप्त की। कक्षा पहली में प्रथम स्थान विनायक 99 प्रतिशतएवं मिर्जा अमीर रजा बाग 97.33 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान गरिमा ठाकुर 99.67 प्रतिशत एवं मीनाक्षी नामों ने 98.83 प्रतिशत प्राप्त की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य एस. के.श्रीवास्तव ने प्रोग्रेस कार्ड पुष्पगुच्छ के साथ प्रदान किया। जैसे ही बच्चों को उनके परिणाम प्राप्त हुए उनके चेहरे खुशी से खिल उठे और अभिभावकों में भी गर्व की भावना देखने को मिली। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बधाई दी एवं निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी बच्चों की शिक्षा में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षिका शीना बीनू ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया।




### धर्म स्वातंत्र्य कानून से बढ़ी सुरक्षा और पारदर्शिता : नितेश

**गीदम।** छत्तीसगढ़ विधानसभा ने मार्च में पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य संशोधन विधेयक 2026 राज्य में सामाजिक समरसता, सुरक्षा और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है। यह पहल प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रभावी प्रयास है। भाजपा जिला सोशल मीडिया सह संयोजक नितेश अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने धर्मांतरण के नाम पर हो रहे प्रलोभन, दबाव और धोखाधड़ी जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यह सख्त और आवश्यक कानून लागू किया है।



# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-फितर, अमन-चैन की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

किरंदुल क्षेत्र में स्थित सुन्नी मदीना मस्जिद में ईद-उल-फितर का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही छोटे-बड़े, बुजुर्ग और युवा नए-नए कपड़े पहनकर, इत्र लगाकर मस्जिद पहुंचे, जहां ईद की नमाज अदा की गई। मौलाना इकबाल रज़ा ने नमाज पढ़ाई और मुल्क में अमन, चैन व सुकून की दुआएं मांगीं। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने



कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों के लिए मगफिरत की दुआएं कीं। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारकबाद दी। इस अवसर पर किरंदुल छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के राजेंद्र सक्सेना, रामकृष्ण बैरागी, बबलू शर्मा और एसएच अजहर ने मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम समुदाय को ईद की बधाई दी। रमजान-उल-मुबारक के रोजे पूरे करने के बाद मुस्लिम समुदाय मीठी ईद के नाम से प्रसिद्ध ईद-उल-फितर मनाते है। पूरे दिन सेवइयों का दौर चलता रहता है। लोग अपने सगे-संबंधियों के घर जाकर मीठी सेवइयों का लुत्फ उठाते हैं। इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय विशेष रूप से गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करते है। फितरा और जकात निकालकर यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी गरीब मायूस न हो और सभी बच्चे ईद की खुशियां मना सकें। मौके पर सुन्नी मदीना मस्जिद के नायब सदर अनवर हुसैन शेख, नजमुल हक, सेक्रेटरी नायब सेक्रेटरी फारूक रजा, खजांची आदिल खान, गुलाम अहमद अली, आसिफ सिद्दीकी, शेख आजाद, बाची खान, इमरान खान, शब्बीर हुसैन, सिराज खान सैयद हुसैन सहित मुस्लिम समुदाय के तमाम लोग उपस्थित रहे।

### कृषि उन्नति को नई गति देने, कलेक्टर ने दिए निर्देश

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के अंतर्गत कृषि विकास योजना के अंतर्गत समूह चयन एवं कृषि विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने चयनित ग्रामों में रात्रि चौपाल आयोजित कर किसानों के साथ सतत संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में एजेंडा अनुसार सुगंधित धान उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए चयनित किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने को कहा है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## कार्यालय निर्वाचन अधिकारी, बस्तर परिवहन संघ, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग)

पंजीयन क्रमांक एस./..... / दिनांक 21/03/2026

### चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना

बस्तर परिवहन संघ के पदाधिकारियों / कार्यकारिणी सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण हो गया है। वार्षिक चुनाव वर्ष 2026-27 के लिये पदाधिकारियों का चुनाव किया जाना है। मुझे चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है इसलिए मेरे हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी किया जाता है।

### चुनाव कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन | 22/03/2026 अपरांह 3 बजे |
| 2 | मतदाता सूची पर दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि | 23/03/2026 अपरांह 3 बजे से संध्या 5 बजे तक एवं 24/03/2026 अपरांह 3 से 4 बजे तक |
| 3 | अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 24/03/2026 अपरांह 6 बजे |
| 4 | नामांकन पत्र एवं मतदाता सूची प्राप्त करने की तिथि एवं जमा तिथि | 25/03/2026 को 3 बजे से 6 बजे तक 26/03/2026 को 3 बजे से 5 बजे तक |
| 5 | नामांकन पत्रों की प्रस्तुति करने की अंतिम तिथि | 27/03/2026 को 3 बजे से 6 बजे तक |
| 6 | नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकनों की घोषणा | 28/03/2026 को 2 से 4 बजे तक |
| 7 | नाम वापस लेने की अंतिम तिथि | 29/03/2026 को 3 बजे से 5 बजे तक |
| 8 | प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन | 30/03/2026 संध्या 5 बजे |
| 9 | प्रत्याशियों की चुनाव चिन्ह का वितरण | 30/03/2026 को 5 बजे से वितरण तक |
| 10 | यदि आवश्यक हुआ तो चुनाव मतदान | 04/04/2026 प्रातः 8 बजे से संध्या 4 बजे तक |
| 11 | मतगणना | संध्या 04/04/2026 संध्या 5 बजे से निरंतर मतगणना समाप्ति तक |
| 12 | परिणामों की घोषणा | मतगणना समाप्ति के पश्चात |
| 13 | चुनाव स्थल | बस्तर परिवहन संघ, जगदलपुर |

(संतोष मिश्रा)
चुनाव अधिकारी
बस्तर परिवहन संघ जगदलपुर

स्थान - जगदलपुर
तारीख - 21/03/2026

# कोंटा में धूमधाम और भाईचारे के साथ मनाई गईईद-उल-फितर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा


छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर बसे कोंटा नगर में ईद-उल-फितर धूमधाम और भाईचारे के साथ मनाई गई। कोंटा के ईदगाह में साढ़े आठ बजे ईद की नमाज़ अदा की गई। ब्लॉक मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले गांवों व कोंटा नगर के पंद्रह वार्डों में बसे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने वर्ष 2026 के इस ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाया।

पूरे महीने के रोजों के बाद जब चांद का दीदार हुआ तो मुस्लिम समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। तीस रोजों को मुकम्मल करते हुए ईद-उल-फितर के त्योहार को विशेष उल्लास के साथ मनाया गया। ईद की सुबह कोंटा के ईदगाह में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने नए कपड़े पहनकर नमाज अदा की। नमाज के बाद कोंटा अंजुमन इस्लामिक कमेटी के मौलाना ने देश और इलाके में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

इस मौके पर एक बेहद सकारात्मक और सराहनीय दृश्य भी सामने आया। कोंटा ब्लॉक के अलग अलग वनांचल क्षेत्रों में सेवा दे रहे सीआरपीएफ के मुस्लिम जवानों ने भी स्थानीय लोगों के साथ ईदगाह पहुंचकर नमाज अदा की। आराध्य नगरी कहे जाने वाले कोंटा नगर में हिंदू नव वर्ष राम नवमी के माहौल के समीप विश्वास, एकता और इंसानियत की मिसाल देखी गई । नगर सभी लोग एक दूसरे को ईद की शुभकामनाएं देते हुए देखे गए।

नमाज के बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में सेवइयां और विभिन्न पकवान तैयार किए और रिश्तेदारों, दोस्तों व पड़ोसियों के साथ खुशियां साझा कीं। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने दिनभर ईद और त्योहार का आनंद लिया। कोंटा में इस तरह का सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल यह दर्शाता है कि यहां सभी समुदाय मिलजुलकर रहते हैं और हर त्योहार को एक साथ मनाते हैं। यहां की गंगा-जमुनी तहजीब आज के समय में समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश देती है।

ईदगाह में साढ़े आठ बजे ईद की नमाज़ अदा हुई और मांगी अमन चैन की दुआ



## खबर संक्षेप

### 78 दिव्यांग हितग्राहियों को विशेष शिविर में मिला लाभ



**जगदलपुर।** जिला प्रशासन ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया। कलेक्टर आकाश छिकारा के दिशा-निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी के मार्गदर्शन में शिविर में 78 हितग्राही लाभान्वित हुए। इस विशेष आयोजन का मुख्य लक्ष्य दिव्यांगजनों को एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ स्वास्थ्य परीक्षण, तत्काल उपचार और यूडीआईडी कार्ड जैसी महत्वपूर्ण शासकीय सुविधाएं उपलब्ध कराना था। सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद, डॉ. सरिता थॉमस, डॉ. आरकेएस राज, डॉ. जी. सेतु और डॉ. नवनीत सिंह स्वयं उपस्थित रहे।

### पालक व शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**जगदलपुर।** राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार तथा बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संवेदनशील एवं सृजनात्मक वातावरण तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इसी क्रम में 18 मार्च को माध्यमिक शाला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन एमएलबी कन्या क्रमांक 1 में किया गया।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष की पहल को सभी ने सराहा

# ईद मिलन में दिया भाईचारे और एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपालपटनम

- आपसी सहयोग, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की अपील

ईद-उल-फितर के पावन और खुशियों से भरे अवसर पर नगर में आयोजित ईद मिलन समारोह में सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और एकता की मिसाल दिखाई पड़ी। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बीजापुर के जिला अध्यक्ष फारूख खान द्वारा किया गया। जिसमें सभी वर्गों और समाज के लोगों की भागीदारी देखने को मिली।

समारोह में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के भाई-बहनों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया। सभी ने मिलकर एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और प्रेम, सद्भाव तथा एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का वातावरण उल्लास, अपनापन और भाईचारे की भावना से ओतप्रोत रहा। सेवइयों की मिठास के साथ लोगों के दिलों में भी आपसी प्रेम और सम्मान की मिठास घुलती नजर आई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फारूख खान ने अपने संबोधन में कहा कि ईद केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह इंसानियत, भाईचारे, त्याग और आपसी प्रेम का प्रतीक है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि हम सभी भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहें और समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने सभी समाज के लोगों से आपसी सहयोग, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकतार्ओं ने इस पहल की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल त्योहारों की खुशियों को साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में आपसी विश्वास, सहयोग और रिश्तों को भी मजबूत बनाते हैं। अंत में लोगों ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि हम सब एक हैं और मिलजुलकर रहने से ही समाज और देश का विकास संभव है। यह ईद मिलन समारोह भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया।





# आरटीओ में स्वीकृत 34 में से 26 पद वर्षों से रिक्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- रिक्त कर्मियों के चलते एक पर 4 से ज्यादा शाखाओं के कार्य

संभागीय मुख्यालय के ग्राम पंचायत आड़ावाल स्थित में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय है, पर वर्षों से यहां 34 की बजाय सिर्फ 8 अधिकारी एवं कर्मचारी पदस्थ हैं, जो काम कर रहे हैं। साथ ही एक-एक कर्मचारी पर लगभग 4 से अधिक शाखाओं का कार्य कर रहे हैं। इस ओर परिवहन मुख्यालय रायपुर का कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के आड़ावाल ग्राम पंचायत में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय संचालित हो रहा है। इस कार्यालय में सहायक अधीक्षक-एक, सहायक वर्ग-2 के 7, डाटा इंट्री ऑपरेटर के-5, स्टेनो टायपिस्ट के-1 एवं सहायक वर्ग-3 के 12 पद में से वर्षों से 34 पद स्वीकृत हैं। इसके बावजूद इसमें से 26 कर्मचारी का पद लम्बे समय रिक्त हैं। इसके चलते एक-एक कर्मचारी को 4 से ज्यादा शाखाओं का कार्य करना पड़ रहा है। इसके चलते कार्य में विलंब हो जाता है, जिससे वाहन चालक एवं मालिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मुख्यालय को दी जानकारी

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि कार्यालय में रिक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की जानकारी हर माह में परिवहन मुख्यालय रायपुर को भेजा जाता है। इसके बावजूद रिक्त पद के कर्मचारियों को भर्ती नहीं किया गया।



# बस्तर में शिक्षा का उत्सव, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रसार टोली कार्यशाला ने भरी नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- नाटक, प्रश्नोत्तरी और समूह चर्चा के माध्यम से शिक्षा नीति के विविध आयामों पर हुआ मंथन

शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आयोजित संभागीय स्तरीय प्रसार टोली कार्यशाला का द्वितीय दिवस उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। बस्तर संभाग के दस प्रमुख महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बना दिया। आयोजन की सफलता में प्राचार्य डॉ रंजना नाथ के मार्गदर्शन एवं संयोजक भुवनेश्वर कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन से हुआ। छात्रा नेहा कश्यप ने सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

छात्र गोंचूं नाग ने हल्बी भाषा में तथा छात्रा भावना कोठारी ने भतरी भाषा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। छात्रा संगीता ने भी नीति के विभिन्न पहलुओं पर अपनी राय रखी। स्थानीय भाषाओं में प्रस्तुत इन विचारों ने कार्यक्रम को और अधिक समावेशी बना दिया। इसी क्रम में नेहा कश्यप एवं किरण कश्यप ने गीत प्रस्तुति से माहौल को जीवंत कर दिया। सांस्कृतिक गतिविधियों में निरंजन कश्यप का एकांकी नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें शिक्षक-विद्यार्थी संवाद के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के शिक्षा-दर्शन को प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया गया। क्राइस्ट महाविद्यालय,जगदलपुर के वैभव एवं सौम्या ने भी नाट्य प्रस्तुति दी। वनिता एवं अनुष्का ने प्रभावशाली नारे प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम का संचालन जयश्री मंडल देबनाथ द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के संयोजक भुवनेश्वर कुमार द्वारा सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# साय सरकार के विधेयकों से बदलेगा छत्तीसगढ़ का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र को प्रदेश की दिशा तय करने वाला बताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने साय सरकार द्वारा पारित महत्वपूर्ण विधेयकों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार सर्वजन हिताय और जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए लगातार ठोस और दूरगामी फैसले ले रही है।



उन्होंने बताया कि बजट सत्र 2026 के दौरान छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक,2026,छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक 2026,छत्तीसगढ़ (लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2026 तथा छत्तीसगढ़ उपकर (संशोधन) विधेयक 2026 जैसे महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए हैं। इन विधेयकों से प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। किरण सिंहदेव ने कहा कि कर्मचारी चयन मंडल विधेयक लागू होने से तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की भर्तियां एकीकृत,पारदर्शी और समयबद्ध होंगी,वहीं परीक्षा में नकल और गड़बड़ी रोकने के लिए बनाए गए विधेयक से युवाओं को निष्पक्ष अवसर मिलेगा। धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को भी उन्होंने आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगेगी। उन्होंने विधानसभा में इन विधेयकों के पारित होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रिमंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन निर्णयों का सीधा लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा और छत्तीसगढ़ को आदर्श राज्य बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। विधानसभा में पारित विधेयकों को लेकर भाजपा ने जहां इन्हें जनहित में ऐतिहासिक बताया,वहीं कांग्रेस के बहिर्गमन पर भी सवाल उठाए गए।

किरण सिंहदेव ने कहा कि भाजपा विधायक दल ने सभी विधेयकों को ध्वनि मत से पारित कराने में सक्रिय भूमिका निभाई, जबकि कांग्रेस ने महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर सदन से बाहर रहकर यह स्पष्ट कर दिया कि उसका जनता से जुड़े विषयों से सरोकार कम है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य पारदर्शी, जवाबदेह और सशक्त प्रशासन स्थापित करना है, जिसके लिए ऐसे विधेयक मील का पत्थर साबित होंगे।

# युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर



शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के बस स्टैंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया दंतेवाड़ा से वापसी रायपुर जाने के दौरान बस्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जिला युवा मोर्चा महामंत्री सत्यम झा के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान महामंत्री रामप्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। स्वागत समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष उदबो राम नाग पार्षद समीर मिश्रा, बंसी कश्यप,आशीष मिश्रा, योगेश चंदेल, कमलेश दिवान, मंगलराम, वीरसिंह, महेश मौर्य, अनिल जायसवाल सहित भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस का मिशन गांव चलो अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

मिशन गांव चलो अभियान के तहत बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की अध्यक्षता व पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने के लिए दरभा के बाजार पारा में बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी के गठन की प्रक्रिया को लेकर बैठक हुई। इस अवसर पर महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, उपाध्यक्ष संकल्प दुबे, महामंत्री अभिषेक नायडू, अनुराग महतो, महादेव नाग, बलिराम, अपर्णा बाजपेयी, तुलाराम कश्यप, एस नीला,माही श्रीवास्तव, कमला भत्तरा उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बुद्धा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सट्रीव सर्जरी कालडा हॉस्पीटल में

जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371